Title: Need to convert meter-gauge line into broad-gauge line between Patan and Mehasana, Gujarat - Laid.

MR. SPEAKER: Matters Under Rule 377 are treated as laid.

17.12 hrs.

श्री महेश कनोडिया (पाटन): महोदय, सदन के माध्यम से अनुरोध है कि पाटन एवं मेहसाणा के बीच ४५ किलोमीटर रेलवे लाइन को मीटर गेज से ब्रॉड गेज में परिवर्तन का कार्य अभी तक नहीं हुआ है। अगर यह कार्य हो जाए तो पाटन के लोगों को दिल्ली एवं मुम्बई को सीधे आने-जाने में सुविधा होगी। यह क्षेत्र काफी अविकसित एवं पिछड़ा हुआ है जिसके कारण लोगों को अपना विकास कार्य करने में काफी दिक्कत हो रही है, जिसके कारण उक्त रेलवे लाइन को ब्रॉड गेज लाइन में परिवर्तन करना अति आवश्यक है जिससे पाटन के लोगों को दिल्ली तथा मुम्बई के बीच सीधे यात्रा करने में सुविधा होगी।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उक्त रेलवे लाइन को शीघ्र ब्रॉड गेज रेलवे लाइन में परिवर्तन किया जाए।